an>

title: Need to check misuse of mobile phones by terrorists in Jammu & Kashmir.

श्री ओम बिरला (कोटा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, कश्मीर में आतंकवादियों और उन्हें प्रश्रय देने वालों के कारण वहां का वातावरण अशांत होने वाला है। यह गंभीर चिंता का विषय है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले की एक जेल से राज्य में अशांति और उसे बढ़ावा देने वाले अलगाववादियों के नेटवर्क को संचालित करने की बात सामने आयी है।

अध्यक्ष महोदया, जम्मू-कश्मीर की जेलों में दो दिन पूर्व छापे के दौरान 16 सेलफोन्स बरामद किये गये हैं। इन कैदियों में कुछ दुर्दांत आतंकवादी हैं, जो जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने के मुख्य आरोपी हैं। ऐसे कई आतंकवादी जो जम्मू-कश्मीर की जेल में हैं, उनका सम्पर्क पाकिस्तान से है। मेरा निवेदन है कि ऐसे कट्टर आतंकवादी और कट्टर आतंकवादियों के समर्थकों को जम्मू-कश्मीर की जेल से शिफ्ट करके एक सुरक्षित जेल में भेजा जाये, ताकि वहां से आतंकवाद का नेटवर्क संचालित न हो सके।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को श्री ओम बिरला द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री अर्जुन लाल मीणा - उपस्थित नहीं हैं।